मध्य प्रदेश में नवोदय विद्यालय का खोला जाना

1121. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कौन-कौन से आदिवासी जिलों में अब तक नवोदय विद्यालय खोले गए हैं, और किन जिलों में ये विद्यालय खोले जाने बाकी हैं ;

(ख) राज्य के शेष जिलों में नवोदय विद्यालय न खोले जाने के क्या कारण हैं और क्या इस संबंध में कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं ;

(ग) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने इस बारे में अब तक कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है; और

(घ) सरकार मध्य प्रदेश के सभी जिलों में कब तक नवोदय विद्यालय खोलने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) नवोदय विद्यालय समिति द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय की स्थापना पर विचार किया गया है। मध्य प्रदेश में कुल 45 जिले हैं और नवोदय विद्यालय सभी जिलों में खोले/स्वीकृत किए गए हैं ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते।

Setting up of Recruitment Board for Kendriya Vsdyalayas

1122. SHRI J. S. RAJU: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Kendriya Vidyalaya Sangathan has recently decided to set-up a semi-autonomous Recruitment Board for Kendriya Vidyalaya Sangathan;

(b) if so, what are the details of its composition, jurisdiction and functions etc; and

(c) what would be its legal status?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) The proposal to set up a Recruitment Board for handling the recruitment process for teaching and non-teaching posts in Kendriya Vidyalaya Sangthan was considered by Board of Governors at its meeting in September, 1993 and the Board directed that details be worked out.

(b) and (c) The details have not yet been worked out.

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में कुलपति और रजिस्ट्रार के पद

1123. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय में कुलपति और रजिस्ट्रार के पद काफी समय से रिक्त पड़े हैं जिसके कारण इसका कार्य सही ढंग से नहीं चल पा रहा है।

(ख) यदि हां, तो उक्त पद किन-किन तारीखों से रिक्त पड़े हैं और इन पदों को न भरे जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) इन शीर्षस्थ पदों को कब तक भर दिये जाने की संभावना है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) प्रो० सी०एस० झा का वैयक्तिक और चिकित्सा आधार पर त्याग पत्र स्वीकार करने के पश्चात् बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय के कुलपति का पद 13-6-1993 को रिक्त